भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5756
उत्तर देने की तारीख 30.03.2026

पंजाब और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान

5756. श्री मलविंदर सिंह कंग :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) सरकार द्वारा पंजाबी संस्कृति का वैश्विक स्तर पर संवर्धन करने के लिए की गई विशिष्ट पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) पंजाब तथा कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों के बीच व्यापार संबंधों का ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा पंजाबी निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करने के लिए क्या सहायता दी गई है; और

(ङ) वैश्विक स्तर पर पंजाब की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों या सांस्कृतिक उत्सवों के आयोजन की किसी भी योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): संस्कृति मंत्रालय विदेशों के साथ सांस्कृतिक करारों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर करके वैश्विक स्तर पर भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देता है जिसमें भारत की मूर्त और अमूर्त विरासत शामिल है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित वैश्विक भागीदारी स्कीम के तहत अन्य देशों में भारत महोत्सव आयोजित किए जाते हैं, जिनमें प्रदर्शनियों, नृत्य, संगीत, रंगमंच, खान-पान उत्सव, फिल्म उत्सव, योग आदि के माध्यम से पंजाबी कला और संस्कृति सहित भारतीय कला और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाता है।

(ग) और (घ): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन सहित अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने, व्यापार नीति फोरम के आयोजन और व्यापार एवं निवेश पर नियमित संवाद के माध्यम से व्यापार संबंधों को

बढ़ावा दिया जाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय निर्यात संवर्धन योजना और विदेश व्यापार नीति के तहत प्रोत्साहन, बाजार पहुंच पहल, व्यापार सुविधा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में सहभागिता के माध्यम से पंजाब सहित भारतीय निर्यातकों को सहायता प्रदान करता है।

(ड.): भारत समय-समय पर विदेशों में भारत महोत्सव आयोजित करता है, जिसमें संगीत, नृत्य, व्यंजन आदि जैसी पंजाबी कलाओं और संस्कृति सहित भारत की समृद्ध कलाओं और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाता है।

******